# चांद वाली अम्मा

## तुम्हारी कल्पना से

- **बूढ़ी अम्मा चाँद पर क्यों चढ़ गई होंगी?**

उत्तर आसमान से अपना पीछा छुड़ाने के लिए बूढ़ी अम्मा चाँद पर चढ़ गई होंगी।

- **चाँद वाली अम्मा झाड़ू क्यों नहीं छोड़ना चाहती थीं?**

उत्तर चाँद वाली अम्मा झाड़ू इसलिए नहीं छोड़ना चाहती थीं क्योंकि उनके पास एक ही झाड़ू थी।

- **चित्रों को देखकर बताओ कि अम्मा के साथ कौन-कौन रहता होगा?**

उत्तर अम्मा के साथ आसमान, चिड़िया और चूहा रहते होंगे।

- **आसमान बार-बार आकर अम्मा की कमर से क्यों टकराता था? तुम्हें क्या लगता है?**

उत्तर आसमान को अम्मा को तंग करने में मज़ा आता था। इसीलिए वह बार-बार उनकी कमर से टकराता था।

## रूठना-मनाना

- **जब बूढ़ी अम्मा उड़ी जा रही थी तो उन्होंने आसमान को हर तरह से मनाने की कोशिश की। बताओ, उन्होंने क्या-क्या कहा होगा?**

उत्तर

| | |
|---|---|
| मैं गिर जाऊगी। मत ले जा मुझे ऊपर। | बेटा आसमान, मुझे छोड़ दे। मुझ बुढ़िया को मत परेशान कर। |
| **घबराकर** | **गिड़गिड़ाकर** |
| चलो ऊपर मैं तुझे सबक सिखाती हूँ। | बेटा आसमान, अब मैं तुझे कभी नहीं मारूंगी। मुझे छोड़ दे। |
| **गुस्से से** | **तरकीब सूझने पर** |

## घूरना

- **अम्मा उसे घूरकर देखती तो आसमान थोड़ा हट जाता।**

कब-कब ऐसा होता है जब तुम्हें कोई घूरकर देखता है।

जैसे : मेरा दोस्त मुझे घूरकर देखता है जब मैं उसका मज़ाक उड़ाता हूँ।

उत्तर मेरे पिता मुझे घूरकर देखते हैं जब मैं कोई हठ करता हूँ।

मेरे शिक्षक मुझे घूरकर देखते हैं जब मैं बातें करता हुआ पकड़ा जाता हूँ।

मेरी बहन/मेरा भाई मुझे घूरकर देखती है/देखता है जब मैं उसकी कोई चीज ले लेता हूँ।

## दम लगा के हईशा

**रस्साकशी के खेल में दो टोलियों के बीच में खूब खींचातानी होती है। कुछ और खेलों के नाम लिखो जिनमें दो टोलियाँ खेलती हों।**

उत्तर क्रिकेट कबड्डी हॉकी बैडमिन्टन

## साफ़-सफ़ाई

- **घर की सफ़ाई करने के लिए किन-किन चीज़ों का इस्तेमाल होता है?**

उत्तर झाड़ू, पानी, फिनाइल/लाइजॉल, पोंछा, वाइपर आदि।

- **किन-किन मौकों पर तुम्हारे घर का सारा सामान हटाकर खूब ज़ोर-शोर से सफ़ाई होती है।**

उत्तर होली, दीपावली और पूजा-पाठ के अवसरों पर।

- **ये मौके खास क्यों हैं?**

उत्तर ये मौके खास इसलिए हैं क्योंकि मेहमान हमारे घर आते हैं।

- **सफ़ाई के काम से जुड़े हुए शब्द सोचो और लिखो। जैसे—झाड़ना।**

उत्तर बुहारना पोंछना रगड़ना धोना

## काम कौन करता है?

- **बूढ़ी अम्मा अकेली रहती थीं। उन्हें घर का सारा काम अकेले ही करना पड़ता होगा। उन कामों की सूची बनाओ जो उन्हें सुबह से शाम तक करने पड़ते होंगे। यह भी बताओ कि तुम्हारे घर में ये काम कौन-कौन करता है?**

उत्तर

| बूढ़ी अम्मा के काम | मेरे घर में कौन करता है |
|---|---|
| कुएँ से पानी लाना | माताजी |
| खाना बनाना | माता जी |
| कपड़े धोना | माताजी, कभी-कभी पिताजी |
| झाड़ू लगाना | नौकरानी |

- **तुम कौन-से काम करते हो? अपने कामों के बारे में बताओ।**

उत्तर

| घर के काम | घर से बाहर के काम |
|---|---|
| • अपना बिस्तर ठीक करना<br>• किताबों वाली रैक ठीक करना<br>• जूते पॉलिश करना<br>• पापा को पानी देना<br>• मैगी बनाना | • दूध ले आना<br>• स्कूल जाना<br>• माँ के साथ बाजार जाना<br>• स्कूल बैग के जिप ठीक कराना |

## कितने नाम, कितने काम?

- **इस कहानी में नाम वाले और काम वाले कई शब्द आए हैं। उन्हें छाँटकर नीचे तालिका में लिखो।**

उत्तर

| नाम वाले शब्द | काम वाले शब्द |
|---|---|
| अम्मा | पानी लाना |
| आसमान | खाना बनाना |
| झाड़ू | झाड़ू लगाना |
| चाँद | वार करना |

## तुम्हारी शरारत

- **अपनी किसी शरारत के बारे में लिखो।**

  अरे, आसमान की शरारत तो कुछ भी नहीं! मैंने तो एक बार....

उत्तर पॉलिथिन में पानी भरकर अपनी माँ के सिर पर उड़ेल दिया। और भागकर सबसे पीछे वाले कमरे के कोने में छिप गया। माँ खोजती रहीं, खोजती रहीं। थोड़ी देर बाद वह घबराने लगीं कि मैं कहाँ हूँ। उनकी घबरायी हालत देखकर मैं बाहर आ गया और उनकी गोदी में छिप गया। माँ का गुस्सा गायब था। उन्होंने मुझे सीने से लगाकर खूब प्यार किया।